# गोगाजी का जन्म हुआ | By Prakash Chauhan

है गोगाजी का जनम भयो है नौमी का दिन आज
चल आज ले नाच, ........
चल नाच मेरी जोगनी मेडी पे नगाड़े बाजे नाच

सज गए सारे महल दीवारे सज गई सारी गालियां
बाछल रानी रतन लुटावे लूट रही है दुनिया
नखरे करन छोड़ तू जोगन झूम झूम के नाच
चल आज ले नाच, ........
चल नाच मेरी जोगनी मेडी पे नगाड़े बाजे नाच

रंग बिरंगे फूलों से अब सज गई नौलख बगिया
ध्वजा पताका गुब्बारों से सजी है आज नगरिया
राजा शाही ठाठ बाट में जेवर जी महाराज
चल आज ले नाच, ........
चल नाच मेरी जोगनी मेडी पे नगाड़े बाजे नाच

दास दासियाँ सोहर गावे दान दक्षिणा पावे
राजकुमार की जय जय बोले भारी खुशी मनावे
गुरु गोरख की कृपा से बाछल की रह गई लाज
चल आज ले नाच, ........
चल नाच मेरी जोगनी मेडी पे नगाड़े बाजे नाच

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%97%e0%a5%8b%e0%a4%97%e0%a4%be%e0%a4%9c%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%9c%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%ae-%e0%a4%b9%e0%a5%81%e0%a4%86-by-prakash-chauhan/